# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से अच्छादन हेतु दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 4.30 बजे आयोजित बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.02.2026 को आयोजित **''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति''** की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज–5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED. द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्तः–

## 1. जल जीवन मिशन फेज–2 (L&T.)

**1. नलकूप कार्य :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 120 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 118 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं 118 नग नलकूप डेवलप किया गया है। फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि समस्त नलकूपों के छिद्रण विकास कार्य पूर्णकर है उन सभी को संचालित किया जाए।

**2. वितरण प्रणाली :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 1919.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1895.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा ज्वाइन्टिंग का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**3. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 78878 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 77452 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया कि अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण करते हुए क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें।

**4. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 नग परियोजनाओं में लक्षित 120 उच्च जलाशय के सापेक्ष 103 परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य टॉप डोम/टैंक इरेक्शन तक पूर्ण है एवं 15 नग परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है तथा 02 नग परियोजनाओं के जलकल परिसर की अनुपलब्धता/विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है। निर्देश दिये जाते है कि टैंक Erection की टीम बढ़ाते हुए अवशेष 15 नग परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे।

**4. पम्प हाउस–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 120 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस के सापेक्ष 118 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देश दिये जाते है कि शेष पम्प हाउस का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**5. सोलर–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 109 नग सोलर के सापेक्ष 103 नग सोलर प्लान्ट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। अवगत कराया गया है कि अवशेष 06 नग बचे सोलर प्लान्ट पर Low Land होने के कारण सोलर फाउण्डेशन का कार्य प्रारम्भ नही कराया जा सका है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है कि शासनादेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए स्वयं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**6. योजनाओं का संचालन एवं रख रखाव–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 परियोजनाओं के सापेक्ष 88 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 16 नग परियोजनायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। कार्यदायी फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में आवंटित 124 परियोजनाओं के सापेक्ष 66 नग परियोजनाओं का कार्य 90–100 प्रतिशत तक पूर्ण है जिनमें से 19 नग परियोजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि शेष 47 नग परियोजनाओं के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर, 20 मार्च, 2026 तक पूर्ण क्षमता पर संचालित करते हुए अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जाना सुनिश्चित करें (सूची संलग्न)।

## 2. जल जीवन मिशन फेज–5 (GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)

**1. नलकूप कार्य :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 181 नलकूप के सापेक्ष वर्तमान तक 176 परियोजनाओं के नलकूप का कार्य पूर्ण है एवं वर्तमान तक 170 नग नलकूप डेवलप का कार्य किया गया है। 05 नग नलकूप के छिद्रण का कार्य भूमि अप्राप्त होने के कारण शेष है जिनमें 04 नग परियोजनायें द्वितीय नलकूप की है एवं 01 नग परियोजना सिंगल नलकूप की प्रस्तावित है। निर्देशित किया जाता है कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी फर्म पूर्व मे दिये गये निर्देशों के कम में उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जलकल परिसर हेतु भूमि प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**2. वितरण प्रणाली :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 2567.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 2028.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वाइन्टिंग एवं शेष बचे हुए वितरण प्रणाली का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**3. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 80224 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 78411 नग गृह संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया अवशेष बचे सभी गृह संयोजनों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

**3. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं में 170 अवर जलाशय लक्षित है परन्तु वर्तमान तक 155 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसमें से 44 नग उच्च जलाशय के इरेक्शन/टॉप डोम तक कार्य पूर्ण किया गया है। निर्देशित किया गया कि उच्च जलाशय की टीम बढ़ाते हुए समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**4. पम्प हाउस–** 165 परियोजनाओं पर 181 नग पम्प हाउस के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान में 159 नग पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 150 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है, निर्देशित किया गया कि शेष पम्प हाउस के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**5. सोलर–** कार्यदायी फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्तावित 165 नग परियोजनाओं में लक्षित 167 नग सोलर के सापेक्ष 82 नग सोलर की आपूर्ति की जा चुकी है जिसमें से वर्तमान तक 70 नग परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण किया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया है कि अवशेष योजनाओं पर सोलर का अधिष्ठापन कराकर योजना सोलर के माध्यम से संचालित करना सुनिश्चित करें।

**6. योजनाओं का संचालन–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं के सापेक्ष 14 नग परियोजनायें उच्च जलाशय एवं 69 नग परियोजनायें डायरेक्ट पम्पिंग द्वारा जलापूर्ति करायी जा रही है। कार्यदायी फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में आवंटित 165 परियोजनाओं के सापेक्ष 30 नग परियोजनाओं का कार्य 90–100 प्रतिशत तक पूर्ण है जिनमें से 05 नग

परियोजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि शेष 25 नग परियोजनाओं के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर, 20 मार्च, 2026 तक पूर्ण क्षमता पर संचालित करते हुए अनुरक्षण एवं संचालन में लिया जाना सुनिश्चित करें (सूची संलग्न)।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वाटर वर्क्स कैम्पस हेतु आवंटित भूमि पर विवाद एवं अनुपलब्धताः–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स (GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED) की 11 परियोजनाओं तथा मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 02 परियोजना पर (भूमि अनुपलब्धता–5/पहुंच मार्ग–3/वृक्ष कटिंग–2/न्यायालय विवाद–2/नगर पालिका से सम्बन्धित–01) निर्माण कार्य कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि पूर्व की बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में उक्त सभी जलकल परिसर से सम्बन्धित विवादो का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

**i– RPWSS ID**:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को आवंटित 330 परियोजनाओं की आर.पी.डब्लू.एस.एस. आई.डी. https://ejalshakti.gov.in/jjm2 पोर्टल पर जिलाधिकारी महोदय की लॉगिन आई.डी. से बनाई जानी है। जिसमें से वर्तमान तक 122 नग परियोजनाओं की आई.डी. ड्राफ्ट में है एवं 06 नग परियोजनाओं की आई.डी. फाइनल सबमिट की जा चुकी है। निर्देशित किया गया है कि समस्त परियोजनाओं की आई.डी. हेतु विवरण तैयारकर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

**ii– Sujalam ID**:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन द्वारा तैयार सुजलाम भारत एप्प पर सुजल गॉव आई.डी. का सृजन किया जाना अनिवार्य है। जिससे जनपद में निर्मित व निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की परिसंपत्तियों का डाटा इंट्री एवं जियो टैगिंग कर जन भागीदारी सहित संचालन एवं अनुश्रवण किया जा सके जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जनपद में कार्यरत विभाग एवं फर्मो के इंजीनियरों द्वारा सुजल गॉव आई.डी. सृजन कर योजनाओं के Assets की जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

**iii– ग्राम सचिव व सरपंच की JJM-2.0 पर Onboarding**:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में प्रस्तावित सभी पाइप पेयजल परियोजनाओं की ग्राम स्तर से आकलन अथवा अनुश्रवण हेतु JJM-2.0 पर पंचायतीराज विभाग के **E-Gram Swaraj (panchayat.gov.in)** पोर्टल के माध्यम से प्राप्त लॉगिन आई.डी. व पासवर्ड से आनबोर्डिंग होना है। तत्क्रम में 50 प्रतिशत ग्राम प्रधानों/सचिवो को JJM-2.0 पर Onboarding करा दिया गया है, निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्राम प्रधानों/सचिवो को JJM-2.0 पर Onboarding कराना सुनिश्चित करें।

**iv– जल सेवा आकलन** :- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 से पूर्व हर घर जल प्रमाणित 111 नग राजस्व ग्रामों का JJM-2.0 पर Onboarding सचिवों द्वारा आकलन किया जाना है। जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 25 नग राजस्व ग्रामों का जल सेवा आकलन पूर्ण हुआ है। जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि शेष 86 नग राजस्व ग्रामों में माह फरवरी, 2026 तक ग्राम सचिवों को निर्देशित कर पूर्ण करा लिया जाएगा।

**v– Har Ghar Jal Certification**:- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान तक 330 परियोजनाओं में सम्मिलित 497 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 149 राजस्व ग्रामों को रिपोर्ट किया गया है जिसमें 115 राजस्व ग्रामों को सार्टिफाईड किया जा चुका है। निर्देशित किया गया है कि जिन राजस्व ग्रामों के कार्यो को शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा ''हर घर जल'' से आच्छादित किया जा चुका है उन्हे शीघ्र ''हर घर जल'' सार्टिफाई किया जाना सुनिश्चित करें। मा0 प्रभारी मंत्री जी द्वारा दिनांक 25.02.2026 को बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें, तथा इसकी पाक्षिक बैठक 15–15 दिनों पर जिलाधिकारी महोदय अथवा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कराना एवं समिति की बैठक में प्रस्तुत प्रगति पुस्तिका में विभाग द्वारा समीक्षा की जा रही समस्त बिन्दुओं को सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति'' द्वारा आयोजित समीक्षा बैठकों की कार्यवृत्त को JJM पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को कड़े शब्दो में निर्देशित किया गया कि पाइप पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण करते हुए परियोजनाओं को संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by SHAHID AHMED
Date: 25-03-2026 15:24:24

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।

पत्रांक /जल निगम/जल जीवन मिशन/2025–26 दिनांक :-

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
3. जिलाधिकारी महोदय, श्रावस्ती।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।
5. मे. लारसेन एण्ड टूब्रों, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई/ फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)
6. मेसर्स सेन्सियस प्रा.लि. (थर्ड पार्टी इन्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।